हिन्दी साप्ताहिक

e-mail: alo

# आलू सन्देश

कानपुर, गुरुवार 29 दिसम्बर 2016

# चन्द्र शेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर के नव-नियुक्ति कुलपति का सम्मान

लखनऊ। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में गत गुरूवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के नव-नियुक्ति कुलपति डा. सुशील सोलोमन के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। डा. सोलोमन द्वारा कुलपति का पदभार ग्रहण करने से भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। क्योंकि डह. सोलोमन इसी संस्थान में वैज्ञानिक रहे हैं तथा वर्ष २०१२ से २०१४ तक संस्थान के निदेशक के पद पर कार्य कर चुके है। और डा. सोलोमन के कार्यकाल में संस्थान ने देश के साथ-साथ विदेशों में भी एक नई पहचान बनाई तथा संस्थान को कृ षि शोध में अग्रणी संस्थानों की श्रेणी में पहुंचाया।



सम्मान समारोह में संस्थान के निदेशक डा. ए.डी. पाठक ने डा. सोलोमन का स्वागत किया। इस अवसर पर डा. सोलोमन ने सभागार में उपस्थित वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया। अपने सम्बोधन में उन्होन्ने सफलता के लिए दो बातों पर अमल करने का सबसे आग्रह किया। उन्होने कहा कि जीवन में सफल तथा नई पहचान के लिए आवश्यक है कि आप हमेशा आगे की ओर अग्रसर रहें या keep moving के सिद्धांत का पालन करें। साथ ही आप कभी भी किसी भी परस्थिति में निराश न हों और हमेशा सकारात्मक रहें। इन सिद्धांतों को अपनाकर इंसान जीवन में सफल होकर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर डा. सोलोमन ने कहा कि विश्वविद्यालय तथा संस्थान द्वारा साझा शोध एवं प्रसार कार्यक्रम क्रियान्वित किया जा सकता है। जिससे गन्ना किसानों तथा कृषि के बेहतरी के लिए अच्छा होगा।